## न्यूज ब्रीफ

### खरबूजे का भोग लगाया, बांटा शरबत



शरबत बांटते आयोजक।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरुथिनी एकादशी पर गांधी स्टेडियम रोडपर स्थित श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में शीतल शरबत का वितरण किया गया। भक्तों द्वारा मंदिर में खरबूजे का भोग लगाया गया। इसके बाद दिनभर मीठा शरबत बांटा गया। इस मौके पर प्रधान सेवक शिरीष सक्सेना, प्रदीप कुमार निगम आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक किए गए सम्मानित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई मरौरी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बीएसए रोशनी सिंह और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सिंह रहे। सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजय कुमार, खूबकरन, आलोक, मनोज कुमार, रूप किशोर, राजीव त्रिवेदी, तेज बहादुर, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### गाली-गलौज करके युवती को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी मुकेश पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 30 वर्षीय बहन पूजा शाम के समय चारा डालने दूसरे घर पर गई हुई थी। वापस आते समय गांव के छत्रपाल का कुत्ता उसकी बहन के ऊपर दौड़ पड़ा। जिसपर उसकी बहन ने कुत्ते को भगा दिया। इस बात से नाराज होकर विकास और उसके पिता छत्रपाल ने उसकी बहन के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। डंडा मारने से उसकी सिर व हाथ पर चोट आई। जब वह बचाने गया तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# अब भंडारण की समस्या होगी दूर जिले का पहला साइलो प्लांट तैयार

## ट्रायल भी हुआ पूरा, 50 हजार मीट्रिक टन अनाज सुरक्षित रखने की है क्षमता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रेलवे ट्रैक से जुड़ी सुविधा, इसी माह क्रियाशील होने की उम्मीद
- बारदाना की समस्या से भी मिलेगी मुक्ति

**अमृत विचार:** जनपद में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद अब उसके सुरक्षित भंडारण की चिंता दूर होने वाली है। सरकार एवं निजी निवेश के समन्वय से बरखेड़ा में जनपद का पहला साइलो प्लांट बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। करीब 50 हजार मीट्रिक टन की क्षमता वाले इस प्लांट का सफल ट्रायल भी पूरा कर लिया गया है। माना जा रहा है कि इसी माह यह प्लांट क्रियाशील हो जाएगा, जिससे जिले के प्रशासनिक तंत्र को गेहूं खरीद के बाद भंडारण के लिए होने वाली समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

प्रदेश के कृषि प्रधान जनपदों में शुमार पीलीभीत में गेहूं की खरीद के बाद भंडारण को लेकर जब तब परेशानियां सामने आती रहीं हैं। गत वर्ष भी गेहूं के भंडारण करे लेकर काफी हाय तौबा हुई थी। हालांकि



बरखेड़ा के नजदीक बनकर तैयार हुआ अत्याधुनिक साइलो प्लांट।

जनपद में अभी तक पांच भंडारण केंद्र हैं। इसमें एक बिठौरा में हैं। जबकि पूरनपुर के रम्पुरा, पूरनपुर में ही जसवंती राइस मिल के समीप एक-एक और ललौरीखेड़ा में दो भंडारण केंद्र हैं। इन सभी में करीब 20 लाख क्विंटल गेहूं भंडारण की क्षमता हैं।

भंडारण केंद्रों में अभी तक गेहूं को जूट की बोरों में भरकर रखा जाता था, जहां नमी, चूहों और कीड़ों से अनाज खराब होने का डर बना रहता था। इधर अब जनपद के बरखेड़ा कस्बे के नजदीक गेहूं भंडारण के लिए अत्याधुनिक साइलो प्लांट का निर्माण कराया गया है। यह गैल्वनाइज्ड स्टील से बना साइलो प्लांट भारतीय खाद्य निगमद्वारा निजी क्षेत्र की भागीदारी से बनाया गया है।

साइलो प्लांट में करीब पचास हजार मीट्रिक टन गेहूं का स्टाक रखा जा सकता है। साइलो प्लांट निर्माण की जिम्मेदारी संभाल रहे टीआरडी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सिविल इंचार्ज कुलवीर सिंह के मुताबिक साइलो प्लांट बनाकर तैयार किया जा चुका है।

इसका सफल ट्रायल भी कर लिया गया है। उनके मुताबिक साइलो प्लांट के अंदर गेहूं को खुला रखा जाएगा। इसमें बारदाने की जरूरत होगी। खास बात यह है कि इससे गेहूं की गुणवत्ता भी प्रभावित नहीं होगी। संभवता इसी माह साइलो प्लांट चालू कर दिया जाएगा।

### रेलवे कनेक्टिविटी से आसान होगा निर्यात

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत इसे रेल कनेक्टिविटी से जोड़ा गया गया है। इसको लेकर पीलीभीत–बीसलपुर रेल मार्ग से प्लांट परिसर तक रेल ट्रैक बिछाया गया है। भविष्य में यदि गेहूं का उत्पादन अधिक होता है और इसे दूसरे राज्यों या विदेशों में निर्यात करना पड़ा, तो सीधे ट्रेन के जरिए गेहूं की लोडिंग हो सकेगी। इससे न केवल ट्रांसपोर्टेशन का खर्च बचेगा, बल्कि सड़कों पर ट्रकों के भारी जाम और आवाजाही की दिक्कतों से भी राहत मिलेगी।

## बाइकों की टक्कर से एक की मौत

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोहनिया निवासी उमाचरन का 20 वर्षीय पुत्र गोविंद उर्फ़ गोविंदा बाइक से खनंका गांव की ओर से आ रहा था। उधर, ग्राम खनंका निवासी रामकुमार का पुत्र अरुण कुमार बाइक से बीसलपुर जा रहे थे। खालसा ढाबा के पास पहुंचते ही बताते हैं कि गोविंद ने गड्ढों को बचाने का प्रयास किया और इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। गोविंद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



मृतक गोविंद।

वहां उसकी मौत हो गई। जबकि अरुण को परिवार के लोग निजी अस्पताल ले गए। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे, उनका रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस मामले की कार्रवाई करने में जुटी है।

## मरीज के कुंडल चोरी अभद्रता का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परिवार बोला: गंभीर हालत में मरीज को कर दिया गया बाहर
- डीएम ने लिया संज्ञान, सीएमओ को जांच व एलआईयू से मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक हॉस्पिटल से जुड़ी एक शिकायत डीएम तक पहुंची है। आरोप है कि मरीज के कुंडल चोरी होने के बाद विरोध करने पर परिजनों के साथ अभद्रता की गई। शिकायत करने पर कर्मचारियों ने परिजनों को बंधक बनाकर धमकाया और गंभीर हालत में मरीज को बाहर निकाल दिया गया। इस मामले का संज्ञान लेकर डीएम ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

सदर तहसील के ग्राम रम्पुरिया सिरसा निवासी राहुल ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने 10 अप्रैल को अपनी बीमार मां को एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनकी मां के सोने के कुंडल चोरी हो गए। उनका दावा है कि घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी में कैद है। इसमें एक सिक्योरिटी गार्ड की भूमिका है।

जब उन्होंने इस संबंध में अस्पताल के चिकित्सक और मैनेजर से शिकायत की, तो उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें टाल दिया गया।

आरोप है कि इसके बाद अस्पताल कर्मियों ने उन्हें व परिजनों को एक कमरे में बंद कर दिया और धमकाया। यह भी आरोप लगाया कि आईसीयू टेक्नीशियन ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मरीज की स्थिति को लेकर अमानवीय टिप्पणी की। इसके बाद गंभीर हालत में उनकी मां को जबरन अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया, जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने सीएमओ को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही एलआईयू से भी गोपनीय रिपोर्ट तलब की है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नगर के एक बरात घर में सोमवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्न हुई। इसमें भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। पंडित संतोष मिश्रा ने अध्यक्षता और संचालन धीरज शर्मा ने किया। 19 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। नगर इकाई द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक में मौजूद अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, राम लखन शुक्ला , हिमांशु दीक्षित,रवि शुक्ला, रामेंद्र गोस्वामी, बंटी शुक्ला, अरविंद शुक्ला, अजय तिवारी, पुष्पेंद्र शुक्ला, संदीप मिश्रा, रामवीर मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, कमलकांत मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा, मनोज त्रिवेदी, अंकुल तिवारी, सुधांशु दीक्षित, जीतू मिश्रा, सतीश अवस्थी, गौरव मिश्रा, जीके मिश्रा, सुशील कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, सुशील कुमार तिवारी,अनुज शुक्ला, रामाधार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आरटीआई आवेदनों के निस्तारण में ढिलाई पर होगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने स्पष्ट किया गया कि सूचना देने में टालमटोल करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही लंबित अपीलों और शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश गांधी सभागार में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा आरटीआई आवेदनों के निस्तारण और आयोग में लंबित मामलों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने



गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम। • अमृत विचार

- राज्य सूचना आयुक्त ने की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक
- जन सूचना अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी सूचना देने के दिए निर्देश

विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारियों की क्लास भी ली। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धाराओं और हालिया संशोधनों को लेकर अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और विधिक बारीकियों की जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि आवेदकों को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगवाए जाएं। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों को प्राथमिकता पर रखते हुए उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि आरटीआई का मूल उद्देश्य पारदर्शिता लाना है। यदि कोई विभाग जानबूझकर सूचना रोकता है या भ्रामक जानकारी देता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस अधिनियम के प्रति संवेदनशील बनाएं ताकि आम जनमानस के अधिकारों का हनन न हो।

बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके त्यागी, डीडीओ संजय कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चौधरी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मरौरी ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल गोयल कॉलोनी में स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व उपहार के तौर पर रबर, कटर, स्केल समेत अन्य स्टेशनरी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी मरौरी सुनील कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कराई। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी ने स्पीच से समग्र शिक्षा अभियान से लेकर बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।

## महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**मझोला, अमृत विचार:** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और वैशाखी की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लास बच्चों ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। इसकी शुरुआत प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने मां सरस्वती व डॉ.भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ की। आचार्य अमन पाठक ने वैशाखी पर्व के बारे में विस्तार से बताया। आचार्य रामवीर ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर शालू , दीप्ति , प्रियंका सिंह, सुरेखा मौर्य, जागृति, सियाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा-सुना



**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के रहने वाले डॉ . पीडी सिंह के सभागार में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के लाइव प्रसारण को सुनाया गया। जनप्रतिनिधि और महिलाएं शामिल हुई। इस मौके पर गीता मिश्रा , रेखा सिंह परिहार , नगरपालिकाध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल , मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, ऋचा सिंह पटेल ,पंकजा तिवारी , पुष्पा शुक्ला , डॉ .अनुरिता सक्सेना, रत्ना शुक्ला , सुनीता सिंह ,अनीता कश्यप , ममता श्रीवास्तव , कनक कटियार , विनीती सिंह आदि मौजूद रहे।



### भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुति देकर बच्चों ने मचाया धमाल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में संविधान निर्माता डॉ .भीमराव आंबेडकर जयन्ती व बैसाखी पर्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिका तनिष्क ने बच्चों को डॉ .अम्बेडकर के बारे में विस्तार से बताया। बैसाखी के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर मनकीरत कौर, मनकीरत सिंह, मनराज सिंह, बलराज सिंह, जसनूर कौर, मनराज, जागृति, कृति, श्रेयांश, मोहम्मद रजा, कृतिका, कृष्णा, रक्षिता, उर्वशी, नित्या, अभिमन्यु, देविका, श्रद्धा, अनामिका का प्रयास सराहनीय रहा। अंत में उपमा सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इधर, बल्लभनगर स्थित स्प्रिंगडेल स्कूल में भी बैसाखी पर्व को लेकर कार्यक्रम हुआ। जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। मीनाक्षी, काव्या, आयुषि, आराध्या, महक, सार्थक, आशीष, अभय आदि ने भांगड़ा और गिद्दा नृत्य की प्रस्तुति दी।



### सूर्य और चंद्रग्रहण के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां में सोमवार को आर्यभट्ट जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सरल गतिविधियों से सूर्य के चारों ओर पृथ्वी, चंद्रमा की गति, सूर्य व चंद्र ग्रहण के बारे में जानकारी दी गई । प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने बताया कि आर्यभट्ट द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत आज भी प्रासंगिक और आधुनिक विज्ञान का आधार मानी जा रही है। सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण की व्याख्या की गई। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि बीजगणित में सबसे पुराना ग्रंथ आर्यभट्ट का है। उन्होंने एक के बाद 11, शून्य जैसी संख्याओं को बोलने की पद्धति का आविष्कार किया।

### बैसाखी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन



**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में सोमवार को बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिसर को बैसाखी पर्व की थीम के अनुरूप सजाया गया। शुरुआत पारंपरिक विधि से कराई। कक्षा 11 की छात्रा सिमरन कौर ने नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा दो की जसलीन कौर ने सुंदर कविता की प्रस्तुति दी। कक्षा चार के आदित्य कुमार ने कविता के माध्यम से बैसाखी पर्व का महत्व बताया। शिक्षक विशाल दुआ ने बैसाखी के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कुशाग्र त्रिपाठी ने गीत की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने पर्व की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां प्रत्येक त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

## शहर में आज

- शेरों वाली मठिया के पास ब्रह्मदेव स्थल से कलशयात्रा सुबह 08 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम कांशीराम आवास ईदगाह कॉलोनी में दरबार दोपहर 12 बजे से।
- संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।



लाल रोड पर ई-रिक्शा के प्रवेश को रोकने के लिए लगाए बैरियर। ● अमृत विचार


नीबू मंडी में जाम में फंसे राहगीर। ● अमृत विचार


चौराहे पर बेतरतीब तरीके से खड़े ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

# नई व्यवस्था से सुधरने के बजाय बदतर हो रहे हालात, जिम्मेदार बेखबर

## शहर के मुख्य मार्गों पर सोमवार को भी जाम में फंसकर परेशान हुए लोग, खरीदारी करनी है तो समय लेकर ही आएं बाजार, हर मार्ग पर जाम में फंसना तय

**अमृत विचार अभियान**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** व्यापारियों के आग्रह पर ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने के लिए सहूलियत देने के नाम पर शहर के मुख्य बाजार समेत अन्य नो एंट्री जोन में ई-रिक्शा के प्रवेश को दी गई जिम्मेदारों की ओर से छूट राहगीरों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। इस नई व्यवस्था ने चंद दिनों के भीतर पहले से बेपटरी ट्रैफिक सिस्टम पूरी तरह से पस्त कर दिया है। हर तरफ जाम में जूझते नागरिक दिखाई दे रहे हैं।

बाजार में एंट्री के बाद तय किए गए नियम के अनुसार न तो ई-रिक्शा की वापसी हो रही है, न ही उन पर कोई निगरानी बरतने की जहमत उठा रहा। ऐसे में सोमवार को भी बाजार में बदतर हालात बने रहे। जिससे जूझकर राहगीर खूब परेशान हुए। दस मिनट के सफर को तय करने में आधे घंटे जाम में फंसना पड़ा। फिलहाल हालात सुधरते नहीं दिखाई दे रहे हैं। खास बात है कि पहले बाजार को जाम से बचाने पर जोर था। उस वक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की ओर से ही जाम की वजह बताते हुए ई-रिक्शा के रूट तय करने की मांगे रखी गई थीं। अब व्यापारियों के आग्रह का ही हवाला देकर यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा का प्रवेश बाजार में शुरू करा दिया है। जिसके चलते बैरियर भी साइड में खड़े करा दिए गए हैं। प्रवेश दिलाने के आदेश का पालन तो करा दिया गया है। मगर उसके बाद फैली अव्यवस्था को सुधारने की सुध नहीं ली जा रही है। शहर के विभिन्न मार्गों पर सोमवार दोपहर बद से बदतर हालात दिखाई दिए। इतना जरुर बाजार में ई-रिक्शा को एंट्री मिलने के बाद लाल रोड की तरफ ट्रैफिक का लोड कम हो गया है। टीएसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि व्यापारियों के आग्रह पर अधिकारियों के निर्देश पर ई-रिक्शा की बाजार में एंट्री खोली गई है। मगर, जाम न लगे इसको लेकर भी निगरानी कराई जा रही है। सुधार न होने पर अन्य ठोस कदम उठाए जाएंगे।

- नो एंट्री जोन में ई-रिक्शा के प्रवेश को दी गई जिम्मेदारों की ओर से छूट राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**सड़क की ओर बढ़ा रहा दुकानों का अतिक्रमण :** एक तरफ यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए तमाम प्रयास किए जाने के दावे अधिकारी कर रहे हैं। मगर सड़कों पर फैला अतिक्रमण सड़क तक बढ़ता जा रहा है। इस पर कोई सख्ती नहीं हो सकी है। दुकानों के आगे कई फीट तक सामान सजाया जा रहा है। इस पर कार्रवाई करने की बात तो दूर अब तो जिममेदार रोकटोक करने की जहमत भी नहीं उठा रहे हैं। पूर्व में कई बार व्यापारी नेताओं ने भी इसमें सहयोग के लिए हामी तो भरी लेकिन उसका नतीजा भी शून्य ही रहा है।

### सीन 1 : नीबू मंडी

ई-रिक्शा के प्रवेश को छूट दिए जाने के बाद नीबू मंडी में दिन में कई बार जाम लगता रहा। पहलने से सड़क के दोनों तरफ ठेले और फड़ का अतिक्रमण। उसके बाद जहां-तहां खड़े वाहन। फिर ई-रिक्शा की आवाजाही। ऐसे में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बढ़ी तो हालात बिगड़ने में देर नहीं लगी। जाम में फंसकर राहगीर परेशान होते रहे। पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। मगर जाम खुलवाने के लिए कोई न तो ट्रैफिक न ही थाना पुलिस का कोई जिम्मेदार दिखाई दिया।

### सीन 2 : छीपीयान चौराहा

रेलवे स्टेशन रोड पर मुख्य बाजार का छीपीयान चौराहा बेहद व्सस्ततम इलाका है। यहां से कई रास्ते निकले हैं, जिसकी वजह से आवाजाही भी अधिक रहती है। पूर्व में ई-रिक्शा का बाजार में प्रवेश बंद था, लेकिन अब पुन: छूट दी गई है। ऐसे में एक बार फिर ये चौराहा ई-रिक्शा का स्टैंड बनता दिख रहा है। दुकानों के बाहर पहले अतिक्रमण और फिर ई-रिक्शा की बेतरतीब कतार कई बार जाम का सबब बनती रही। वहीं, खरीदीदारी को बाजार पहुंचे ग्राहकों के दुपहिया वाहन भी सड़क तक खड़े रहे।

### सीन 3: विशाल टॉकीज

रेलवे स्टेशन रोड पर गैस चौराहा से सुनगढ़ी तिराहा तक अतिक्रमण की भरमार है। वाहन भी जहां-तहां खड़े रहते हैं। शायद ही कोई दिन हो, जब इस मार्ग पर दिन में कई बार जाम न लगे। एक तरफ जाम की दिक्कत और दूसरी तरफ छुट्टा पशुओं का घूमना। ऐसे में हादसे का डर भी बना रहता है। सोमवार दोपहर को भी जाम के बीच गुजरते लोगों की मुसीबत एक छुट्टा सांड़ बना रहा। जाम लगने के बाद भी खाली खड़े ई-रिक्शा को हटाने की उसके चालकों ने सुध नहीं ली। चंद कदमों की दूरी पर थाना है, लेकिन पुलिस नदारद थी।

### सीन 4 : गांधी स्टेडियम रोड

शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर अधिकांश व्यापारियों के व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। इस रोड पर प्राइवेट अस्पताल और बैंकों की भरमार है। शहर का ये इलाका किसी समय नो पार्किंग जोन हुआ करता था, लेकिन अब वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के लिए पहचान बन चुका है। इस रोड पर भी कई बार जाम लग चुका है और स्कूली बच्चों के साथ ही एंबुलेंस भी फंसती रही है, लेकिन व्यवस्था बनाने के लिए कोई जिम्मेदार यहां नहीं दिखा।


विशाल टॉकीज के पास एक तरफ ई-रिक्शा की कतार और सांड़ के पास से गुजरते लोग।


गांधी स्टेडियम रोड पर जाम में फंसे वाहन और एंबुलेंस। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### कोषागार के सामने धरना प्रदर्शन 21 को

**पीलीभीत :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से 21 अप्रैल को सुबह दस बजे से कलेक्ट्रेट परिसर में कोषागार के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ये प्रदर्शन आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स की उपपेक्षा के संबंध में दस सूत्रीय मांगों को लेकर होगा। पदाधिकारियों ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। वहीं, अधिकारियों को भी सूचना भेज दी है।

### डाकघर की सुरक्षा को लेकर बढ़ाई सतर्कता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन रोड पर डाकघर में सुरक्षा को लेकर सोमवार को खासा अलर्ट रहा। विभिन्न स्थानों पर डाकघरों को बम से उड़ाने की दी गई धमकियों को देखते हुए किए गए अलर्ट के बीच व्यवस्था चाक चौबंद रही। दोपहर में पुलिस बल पहुंचा और डाक घर की चेकिंग की। कहीं कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के स्तर से किए गए अलर्ट के चलते सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में डाकघर पहुंचकर चेकिंग की गई थी।

### जीप की टक्कर से बाइक सवार साले-बहनोई घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** तिलहर निगोही मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार साले-बहनोई घायल हो गए। पीलीभीत के बीसलपुर नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी अरविंद वर्मा बहनोई बरेली के सुभाष नगर निवासी प्रिंस वर्मा के साथ सोमवार सुबह बाइक से जलालाबाद जा रहे थे। तिलहर निगोही मार्ग पर गर्रा नदी पुल से पहले पहुंचे, तभी सामने से आ रही अज्ञात जीप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने दोनों घायलों को तत्काल शाहजहांपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## दहेज में सात लाख नहीं मिलने पर तोड़ दिया रिश्ता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर मंगनी के बाद लड़का पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई। मगर आरोपी पक्ष शादी को तैयार नहीं हुए।

थाना अमरिया क्षेत्र के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री का रिश्ता बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र में गांव ग्राम सनेकपुर निवासी इंतजार के कहने पर जहांगीरपुरी (दिल्ली) निवासी दिलशाद के साथ तय किया था। 18 जनवरी को मंगनी हो गई थी। मंगनी में दिलशाद उसके ताऊ महेंदी हसन, चाचा अबरार, अजीम भी मौजूद रहे। शादी की तारीख 12 अप्रैल तय हुई। शादी से दो सप्ताह पूर्व दिलशाद के परिवार वाले दहेज में 7 लाख रुपये और बाइक की मांग की। उसे पूरा करने में असमर्थता जताने पर शादी से इंकार कर दिया।

15 मार्च को पंचायत हुई, लेकिन आरोपी नहीं माने। गाली गलौज कर मारपीट की गई। अमरिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बरेली के एक युवक ने जहानाबाद क्षेत्र की युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। जिसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब शादी का दबाव बनाया तो टालमटोल शुरू कर दी और फिर इनकार कर दिया। इसके बारे में वार्ता करने पर मारपीट की गई। पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री को बरेली जिले के थाना देवरनिया क्षेत्र के ग्राम राठ निवासी सोहिल ने प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी करने का झांसा देकर आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी वह शादी करने के लिए कहती तो आरोपी टाल देता। इसके बाद आरोपी सोहिल ने शादी करने से साफ मना कर दिया। दो अप्रैल को उसकी पुत्री ने इसकी शिकायत सोहिल की मां शम्सा, पिता भूरे खां, बाबू खा से की, तो आरोपियों ने उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी पुत्री ने घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

- पीड़िता के पिता ने जहानाबाद में दर्ज कराई एफआईआर

## मधुवा नजरी खरुआ गांव में घर से चोरी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव मधुवा नजरी खरुआ में एक घर में घुसे चोर जेवरात समेट ले गए। दूसरे दिन जागने पर घटना के बारे में परिवार को पता चला। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में मधुवा नजरी खरुआ गांव के निवासी चैतराम पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि 12 अप्रैल की रात उसके घर में चोरी हो गई। घर में घुसे चोर कमरों में पहुंचे और सामान खंगाला। यहां से चोर सोने की दो अंगूठी, दो मंगलसूत्र, नथ, मांग टीका, कमरपंथी आदि जेवर चोरी कर ले गए। दूसरे दिन सुबह जागने पर घटना के बारे में पता चला। जहानाबाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संचारी अभियान में लापरवाही पांच सचिवों को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर प्रशासन की सख्ती दिखने लगी है। अभियान के तहत निगरानी एजेंसी द्वारा तीन ब्लाकों की सौंपी गई खराब प्रगति रिपोर्ट पर डीपीआरओ ने एक्शन लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित ब्लाकों के पांच पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

जनपद में पहली अप्रैल से संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए निगरानी एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एजेंसी की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि जनपद की कुछ ग्राम पंचायतों में कार्य की प्रगति बेहद निराशाजनक है। विशेषकर दस्तक अभियान के तहत डोर टू डोर सर्वे और संचारी रोगों के प्रति जागरूकता में भारी लापरवाही बरती गई है।

मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ रोहित भारती ने रिपोर्ट के आधार पर मरौरी ब्लाक के पंचायत सचिव मनोरंजन कुमार सिंह, बिलसंडा के पंकज शर्मा, राहुल पुष्कर और प्रियांशु द्विवेदी एवं पूरनपुर ब्लाक के पंचायत सचिव राहुल कनौजिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो संबंधित के विरुद्ध विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि निगरानी एजेंसी की रिपोर्ट में विकासखंड मरौरी, बिलसंडा और पूरनपुर के कुछ सचिवों की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई है। इसी के दृष्टिगत संबंधित सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- तीन ब्लॉकों की खराब प्रगति रिपोर्ट मिलने पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई



न्यूज ब्रीफ

### बाइक चालक पर रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खमरिया पुल निवासी हीरा लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार मार्च को रात दस बजे उसका पुत्र राकेश बाइक से अपने घर आ रहा था। ग्राम जतीपुर के निकट बाइक चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर गुस्साए विधायक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिठौरा में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका निरीक्षण करने पहुंचे विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद को घटिया सामग्री का प्रयोग मिला था। दोयम ईट लगाई जा रही थी, जिसे लेकर विधायक ने बीते दिनों नाराजगी भी जताई थी। विधायक की नाराजगी से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। इधर, प्रशासन ने भी इसका संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए टीम गठित कर आख्या मांगी गई है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में रहा।

### मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मूसेपुर खुर्द के रहने वाले मोहन स्वरूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को सुबह करीब सात बजे अपने प्लांट व रास्ते पर जा रहा था। तभी गांव निवासी गोविंद बल्लभ व उनके पुत्र वीरपाल, पवन कुमार, मुकेश कुमार लाठी डंडे लेकर आए और मारपीट की। उसकी पत्नी केस कुमारी, अनुज कुमार उसे बचाने आए तो उनको भी पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाइकों की टक्कर में सिलाई कारीगर की मौत

## कलीनगर -माधोटांडा रोड पर नवदिया धनेष गांव के पास हुआ हादसा, दिल्ली में काम करते थे शाहिद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** वाहनों की तेज रफ्तार हादसे का सबब बनी हुई है। सड़क हादसे में एक और जान चली गई। कलीनगर -माधोटांडा रोड पर नवदिया धनेष गांव के पास रविवार रात दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक शाहिद।

माधौटांडा क्षेत्र के कस्बा कलीनगर के रहने वाले 55 वर्षीय मोहम्मद शाहिद दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। वह कुछ दिन पहले ही अपने घर आए थे। बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार जा रहे थे। रविवार रात करीब आठ बजे वह घर से निकले थे।



जिला अस्पताल पहुंचे मृतक शाहिद के परिजन। ● अमृत विचार



पलटने के बाद बिखरी पड़ी गेहूं की बोरियां। ● अमृत विचार

- **घर से ससुराल जाने के लिए निकला था शाहिद**
- **कुछ दिन पहले ही वह दिल्ली से अपने घर आए थे**

इसी दौरान नवदिया धनेष गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक सवार की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। सभी का रोकर बुरा हाल रहा।

### असम हाईवे पर ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, लगा जाम

इधर, असम हाईवे पर सुनगढ़ी क्षेत्र में रविवार रात हादसा हो गया। वंडा की तरफ से एक ट्रक पीलीभीत आ रहा था। उसमें वंडा के ही रहने वाले हरिराम बैठे हुए थे। ट्रक में गेहूं की बोरियां लदी हुई थी। ट्रक की ट्रैक्टर से टककर हो गई। इसके बाद दोनों वाहन पलट गए और गेहूं की बोरियां हाईवे पर बिखर गई। हरिराम भी घायल हो गए। कुछ ही देर में हाईवे पर आवागम बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। क्रेन की मद से पलटे हुए ट्रक को हटवाया गया। हालांकि इसमें काफी समय लग गया। इसके बाद आवागमन चालू हो सका। वपुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

# धूमधाम से मनाई गई बैसाखी और आंबेडर जयंती

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बेनहर पब्लिक स्कूल और बेनहर गुरुकुल में बैसाखी पर्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर रंग-बिरंगे परिधानों और सांस्कृतिक गतिविधियों से जीवंत हो उठा। बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी नृत्य, गीत एवं लघु नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुति दी।

- **बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी नृत्य, गीत व लघु नाटिकाओं की दी प्रस्तुति**

ढोल की थाप पर भांगड़ा और गिद्दा किया। एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, गुरसेवक सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी (बेन-हर पब्लिक स्कूल), प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर (बेन-हर गुरुकुल) ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

वहीं कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं द्वारा आंबेडकर जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनके विचारों को जीवन में अपनाने की अपील की गई।




बेनहर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चे। ● अमृत विचार

### एसओ करेली की सीओ से शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** करेली क्षेत्र के ग्राम पंडरी मरौरी के रामबहोरे, बाबू सिंह, बेबी कनौजिया, हरीश कुमार ने सीओ बीसलपुर से एसओ करेली की शिकायत की है। जिसमें एसओ करेली पर मनमाने ढंग से कार्य करने और राजनीतिक दबाव में आकर बेगुनाहों पर मुकदमे दर्ज कर उत्पीड़न करने का आरापे लगाया है। कई मुकदमों का जलिक्र करते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### सद्भावना लॉन का किया लोकार्पण

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बड़ागांव में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत निर्मित सद्भावना लॉन का सोमवार को बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने लोकार्पण किया। भवन का निर्माण 30 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। विधायक ने कहा कि सरकार की योजना के तहत बारात घर बनने से ग्रामीणों को सामूहिक और वैवाहिक कार्यक्रमों में सहूलियत मिलेगी। इस दौरान एडीओ पंचायत कृष्णा देवी, ग्राम प्रधान एडवोकेट सचिन गंगवार, सचिव इबरार, जेई कुलदीप कुमार, परदेशी कुमार आदि मौजूद रहे।



### नगर में निकाली गई जन जागृति चेतना यात्रा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** विष्णु हरि घट- घट वासी के अनुयायियों ने नगर में जन चेतना पदयात्रा निकालकर लोगों को धर्म की राह पर चलने का संदेश दिया। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान स्थित सत्संग स्थल पर एकत्र हुए। उन्होंने जन चेतना जागृति यात्रा निकाली, जोकि मुख्य मार्गों से गुजरी। इसके बाद सत्संग हुआ। विष्णु हरि घट घट वासी ने कहा कि हम जैसा कर्म करते हैं परमात्मा वैसा ही हमें फल देता है। सनातन धर्म के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पूरी दुनिया में श्रेष्ठ है। यहां की संस्कृति, सभ्यता, शिष्टाचार, भाईचारा, मृदु भाषा जैसे सदगुणों को अपनाने के लिए लोग विदेश से भारत आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सनातन धर्म विशाल बटवृक्ष है। धर्म के गूढ़ रहस्य को समझने वाले लोग बहुत कम हैं। समस्याओं से हमें परेशान नहीं होना चाहिए।

### एक दिन की प्राचार्य बन किरनप्रीत ने संभाले काम



छात्रा किरनप्रीत को पुष्प भेंट करते प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा किरनप्रीत कौर को एक दिन के लिए महाविद्यालय का प्रतीकात्मक प्राचार्य नियुक्त किया गया। प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करने के बाद किरनप्रीत कौर ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। न केवल कार्यालय के अभिलेख व्यवस्थाओं को समझा, बल्कि छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना। एक दिन की प्राचार्य के रूप में उन्होंने अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने किरनप्रीत को पुष्प गुच्छ देकर उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी। कहा कि मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य बेटियों के भीतर छिपे आत्मविश्वास को जगाना है। किरनप्रीत ने इस जिम्मेदारी को निभाकर यह सिद्ध कर दिया है कि छात्राएं भविष्य में बड़े प्रशासनिक पदों को संभालने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### बैसाखी पर्व के बारे में बताया, पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में बैसाखी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। परिसर में रंग-बिरंगी सजावट की गई। कार्यक्रम की शुरुआत एक ओंकार के मधुर और शांतिपूर्ण पाठ से हुई। कक्षा छह के विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। विचारों के माध्यम से पर्व के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को बताया। भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना की गई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



**न्यूज ब्रीफ**

### जमीन के विवाद में हुई मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव अवस्थीपुरवा मजरा रामलोक निवासी तारा देवी ने बताया कि गांव की ही सीमा पत्नी सुत्तन बाबू, गुड्डो पत्नी राधेश्याम, बच्चा उर्फ विमल पुत्र राधेश्याम और अनुराग पुत्र राधेश्याम उनसे जमीनी विवाद की रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते रविवार की को सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर जब कामिनी देवी और मीनाक्षी बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई धर्मेंद्र सिंह चंदेल को सौंपी है।

### सामान को लेकर विवाद में महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा के गांव पंडितपुरवा (सुजईकुंडा) निवासी बनदेवी ने बताया कि रविवार को गांव के ही राजकुमार, बेचेलाल और राजेश के साथ परचून की दुकान से सामान लाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर तीनों लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। हमलावरों की पिटाई से महिला घआयल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। जांच उपनिरीक्षक रुद्रप्रकाश पांडेय को सौंपी गई है।

# जांच कराने में फेल हो रहे खाद्य पदार्थों के 90 फीसदी नमूने

## सेहत पर खतराः लड्डू, बेसन और सोहन पपड़ी में मिलाया जा रहा अखाद्य रंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की हालिया जांच में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें अधिकांश नमूने मानकों पर खरे नहीं उतर सके। खासतौर पर त्योहारों और मांग के चलते बिकने वाली मिठाइयों में मिलावट ने लोगों की सेहत पर बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है।

खाद्य सुरक्षा टीम ने मार्च माह में जिले भर की 326 दुकानों का निरीक्षण किया और 54 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे। अब तक प्राप्त 25 जांच रिपोर्टों में से 22 नमूने फेल पाए गए हैं। इनमें तीन नमूने असुरक्षित श्रेणी में हैं, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा माना गया है।

जांच में बूंदी के लड्डू, बेसन और सोहन पपड़ी में अखाद्य और मानक से अधिक खाद्य रंग का इस्तेमाल सामने आया है। इसके अलावा आठ मिठाइयों, दो सरसों के तेल, चार बेसन-मैदा, दो दाल, दो बिना दूध की मिठाइयों सहित एक अन्य खाद्य पदार्थ के नमूने अधोमानक पाए गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि असुरक्षित नमूनों के मामलों में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में वाद दायर कर अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी, जबकि अधोमानक मामलों को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**अभिभावकों को रहना होगा सतर्कः** विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों की सेहत को देखते हुए अभिभावकों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। त्यौहारों या आयोजनों में मिठाई खरीदते समय गुणवत्ता और स्वच्छता पर ध्यान देना जरूरी है।

### स्वास्थ्य पर पड़ रहा गंभीर असर

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि अधिक मात्रा में खाद्य रंग का सेवन शरीर के लिए खतरनाक हो सकता है। विशेषकर बच्चों में इसके दुष्प्रभाव अधिक देखने को मिलते हैं, जिनमें मानसिक और व्यवहारिक बदलाव, एकाग्रता में कमी और चिड़चिड़ापन शामिल हैं। इसके अलावा त्वचा पर एलर्जी, खुजली, सूजन और अस्थमा के लक्षण भी बढ़ सकते हैं। कुछ मामलों में लंबे समय तक सेवन से कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है।

### कार्रवाई के साथ जागरूकता जरूरी

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के बावजूद मिलावटखोरी पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को भी सतर्क रहने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि अत्यधिक चमकीले रंगों वाली मिठाइयों से बचना चाहिए और केवल विश्वसनीय दुकानों से ही खाद्य पदार्थ खरीदने चाहिए।

### कैसे पहचानें मिलावटी मिठाई

- अत्यधिक चमकीले और चटक रंग वाली मिठाइयों से बचें
- हाथ में लेने पर रंग छूटे तो सतर्क हो जाएं
- मिठाई का स्वाद और गंध असामान्य लगे तो न खाएं
- भरोसेमंद दुकानों से ही खरीदारी करें

### रंगीन मिठाइयों से बढ़ रहा खतरा

लखीमपुर खीरी। बाजार में आकर्षक और चमकीले रंगों वाली मिठाइयों का चलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन यही रंग अब सेहत के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन मिठाइयों में मिलाए जा रहे कृत्रिम और अखाद्य रंग खासतौर पर बच्चों पर ज्यादा असर डालते हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एस.के. वर्मा बताते हैं कि अधिक मात्रा में खाद्य रंग का सेवन बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी और व्यवहार में बदलाव जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। इसके अलावा, कई बार इन रंगों से एलर्जी, त्वचा पर चकत्ते, खुजली और सूजन की शिकायत भी सामने आती है। अस्थमा के मरीजों में सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। डॉक्टरों के अनुसार लंबे समय तक ऐसे रंगों का सेवन गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकता है।

## शादी से पहले ही लाखों रुपये की चोरी

**पलिया कलां, अमृत विचारः** मोहल्ला किसान में बेटी की शादी की तैयारियों वाले घर का ताला तोड़कर नगदी, जेवर व शादी के लिए रखा लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। आज इस घर में महिला संगीत का कार्यक्रम होना था। मोहल्ला बाजार सेकंड निवासी होटल व्यवसायी मनोज गुप्ता ने हाल ही में थाना रोड पर नया मकान बनवाया है। उनकी बेटी की शादी 25 अप्रैल को तय है, जिसके चलते घर में तैयारियां चल रही थीं। परिवार के सदस्य शादी की तैयारियों के सिलसिले में बाहर गए थे। इस बीच चोरों ने घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, इनवर्टर, काफी मात्रा में बर्तन, कुछ नगदी, नई साड़ियां, शर्ट-पैंट, जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह परिवार के लोग घर लौटे तो ताला टूटा देख होश उड़ गए। अंदर का नजारा देखकर परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। शादी के ठीक पहले हुई घटना से परिवार में मातम जैसा छा है। पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं शादी वाले घर में हुई चोरी से परिजनों को बिटिया के हाथ पीले करने को लेकर अब चिंता खाए जा रही है।

# कुल्हाड़ी से किया हमला फिर भी हल्की धाराएं

संवाददाता, सिंगाही

- **पुलिस पर केस कमजोर करने का आरोप, पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार**

**अमृत विचारः** थाना सिंगाही क्षेत्र के मूर्तिहा गांव में जमीन विवाद ने शनिवार रात कुल्हाड़ी, फावड़ा और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस अपनी कार्रवाई को लेकर विवादों में घिर गई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मामले को साधारण मारपीट में दर्ज किया गया है। जबकि आरोपियों ने घुसकर युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई थी।

पीड़ित गिरजेश और रामचंद्र पुत्र श्यामलाल ने बताया कि रात करीब 8 बजे गांव के ही रामभजन, दामोदर समेत अन्य लोग उनके घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के अचानक हमला बोल दिया और कुल्हाड़ी, फावड़ा व लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार किए। हमले के दौरान दामोदर ने गिरजेश के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े।

इसके बाद हमलावरों ने रामचन्द्र, उनकी पत्नी आरती और 13 वर्षीय पुत्र कन्हैया को भी नहीं बख्शा और बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घटना के दौरान परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए थे। घटना के बाद घायल अवस्था में सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां गिरजेश की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों ने उनकी चोटों को गंभीर बताया है और मेडिकल रिपोर्ट में भी गहरी चोट की बात कही है।

पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने थाना सिंगाही में जानलेवा हमले की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कथित तौर पर दबाव में आकर तहरीर बदलवा दी और गंभीर धाराओं की बजाय मारपीट की हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे आक्रोशित होकर उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।हत्या के प्रयास की धारा बढ़वाने और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उधर प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि विवेचना की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं घटाई और बढ़ाई जाएंगी।

# हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन से गांव-गांव हो रही जांच



टीबी की जांच करती महिला स्वास्थ्यकर्मी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 10 दिनों में 2432 लोगों की स्क्रीनिंग**

**अमृत विचारः** जनपद में टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग व्यापक स्तर पर अभियान चला रहा है। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर लोगों की जांच की जा रही है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जिसके प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आना, बलगम में खून आना, लगातार बुखार रहना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना और तेजी से वजन घटना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तुरंत जांच करानी चाहिए, ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके।

उन्होंने हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि यह मशीन हल्की, पोर्टेबल और आधुनिक तकनीक से लैस है, जिसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है। इसके माध्यम से मौके पर ही एक्स-रे जांच संभव है, जिससे मरीजों को अस्पताल जाने की जरूरत कम हो जाती है और समय की बचत होती है। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष लाभ मिल रहा है। सीएमओ ने बताया कि शासन की मंशा है कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी का जल्द से जल्द पता लगाकर उसका पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। इसी उद्देश्य से गांव-गांव जाकर सक्रिय जांच और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत ने बताया कि अभियान के तहत जिला क्षय रोग अस्पताल सहित पलिया, निघासन, पसगवां एवं मोहम्मदी ब्लॉकों में विशेष टीमें गठित कर जांच कार्य कराया जा रहा है। बीते 10 दिनों में कुल 2432 महिलाओं और पुरुषों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जा रहे हैं, उनका तत्काल परीक्षण कर उपचार शुरू किया जा रहा है। यह अभियान लगातार जारी है।

## दो युवक गिरफ्तार पिस्टल-तमंचा बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसआई परवेज अहमद डॉन बॉस्को स्कूल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक एलआरपी की ओर से आ रहे हैं। उनके पास अवैध शस्त्र हैं। पुलिस टीम ने ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर शिवांक मिश्रा निवासी राजाजीपुरम के पास से अवैध पिस्टल और अभिषेक अवस्थी निवासी काशीनगर के पास से तमंचा बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। बताते हैं कि पूछताछ में आरोपी शिवांक ने कई लोगों को अवैध पिस्टल बेचने की बात कबूल की है। पुलिस अब उन लोगों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है, जिनमें कुछ बड़े व्यापारी भी शामिल बताए जा रहे हैं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा

- **प्रीपेड को पोस्टपेड में बदलने, तेज रीडिंग वाले मीटर हटाने की मांग**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला हाइडिल कार्यालय में अधीक्षण अभियंता से बातचीत करते व्यापार संगठन के लोग।

**अमृत विचारः** नगर में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के खिलाफ व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय का घेराव कर अधीक्षण अभियंता मनीष झा को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर सामान्य मीटरों की तुलना में काफी तेज गति से रीडिंग दर्ज कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुने-तिगुने तक बढ़ रहे हैं। उनका कहना था कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के प्रीपेड मीटर लगाए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार रिचार्ज कराने की मजबूरी हो रही है और व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी अमित त्रिपाठी और दुर्गेश सोनी की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर तकनीक अभी पूरी तरह पारदर्शी और भरोसेमंद नहीं है। कई उपभोक्ताओं ने गलत बिलिंग, अचानक बैलेंस खत्म होने और बिजली कटने जैसी समस्याओं की शिकायत की है। ऐसे में पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था ही उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक और विश्वसनीय है। अन्य राज्यों की तरह यहां भी स्मार्ट मीटर पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और जब तक सभी तकनीकी खामियां दूर न हो जाएं, तब तक इस व्यवस्था को लागू न किया जाए।

अधीक्षण अभियंता मनीष झा ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि विभाग स्तर पर समस्याओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी खामियां सामने आएंगी, उन्हें दूर कराया जाएगा और उपभोक्ताओं को राहत देने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान अनूप श्रीवास्तव, जसकरण लाल वर्मा, नवनीत शुक्ला, कृष्ण कुमार, विक्रांत गिरि, अतुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### यह उठाई मांग

- नगर में लगाए गए सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को हटाकर पुराने मीटर बहाल कर किए जाएं।
- प्रीपेड सिस्टम को खत्म कर पोस्टपेड प्रणाली लागू की जाए।
- बढ़े हुए बिजली बिलों का पुनरीक्षण कर राहत दी जाए।
- उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप लगाए जाएं।
- शहर में जर्जर और झूलते बिजली तारों को शीघ्र बदला जाए, जिससे हादसों की आशंका कम हो सके।

# हादसे में बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दंपती हादसे का शिकार हो गए। पिकअप की टक्कर से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा पसगवां थाना क्षेत्र में फोरलेन हाईवे पर पनई चौराहे के पास हुआ। हरदोई जिले की कोतवाली पिहानी क्षेत्र के ग्राम वाजिदनगर निवासी राजू अपनी पत्नी गुड्डी (30) के साथ बाइक से शाहजहांपुर दवाई लेने जा रहे थे। पनई चौराहे के पास पीछे से अनियंत्रित पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और अन्य राहत टीमों को दी। सूचना मिलते ही सेवा का जुनून टीम के सदस्य और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा, जहां चिकित्सकों ने गुड्डी को मृत घोषित कर दिया। वहीं पति राजू की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पिकअप वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**पसगवां, अमृत विचारः** जंगबहादुरगंज कस्बे के मुख्य बाजार से सोमवार अपराह्न एक युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

गोविंदापुर गांव निवासी पुनीत कुमार अपनी बाइक को जेबीगंज पुलिस चौकी मोड़ के सामने खड़ी कर बाजार में सामान खरीदने गए थे। कुछ देर बाद लौटने पर उनकी बाइक गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इस दौरान राघवेंद्र कल्याण मंडप की मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध युवक बाइक ले जाते हुए कैद हो गया। पुनीत कुमार ने जेबीगंज चौकी पुलिस को लिखित सूचना दे दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया था।

# पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

- **आरोपियों पर रिपोर्ट व गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे परिजन**

संवाददाता, केशवापुर



भूड़वारा में घर पर महिलाओं के साथ गमगीन बैठी मृतक की पत्नी संगीता देवी।

**अमृत विचार :** गोला थाना क्षेत्र के भुड़वारा गांव में मजदूर बंशीलाल का सोमवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने रविवार को हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से मना किया था, शव को गांव में ही पिकप गाड़ी पर ही रखकर परिजन आरोपियों पर मुकदमा व गिरफ्तारी करने की मांग पर अड़े थे। खेत मालिक दूसरे समुदाय के होने से गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी जिसे ध्यान में रखते हुए गांव में पीएससी व गोला व हैदराबाद थानों की पुलिस फोर्स तैनात किया गया था।

शनिवार को भुड़वारा गांव निवासी अब्दुल सलाम ,अब्दुल कलाम के खेत मे मजदूरी से गन्ना बोने गए थे, शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, अब्दुल सलाम के गन्ना कटे खेत से शनिवार रात 9 बजे मजदूर बंशीलाल का शव मिला था,रविवार दोपहर मृतक बंशीलाल का शव भुड़वारा गांव पहुंचा ,एकत्र परिजनों व ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना किया था, परिजनों ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा व आरोपियों की गिरफ्तारी की थी, पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनी और परिजन मुकदमा दर्ज कराने से पीछे हट गए, और सुबह 7 बजे बंशीलाल का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में कर दिया गया।

हालांकि मृतक की पत्नी संगीता देवी ने पुलिस पर ज्यादती करने का आरोप लगाया है। गोला प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने कहा परिजन मुकदमा दर्ज कराने की मांग से पीछे हट गए और सुबह अंतिम संस्कार कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ह्रदयाघात शाक से मौत होने की पुष्टि हुई थी।

**महंगाई** | सब्जी मंडी में कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन दाल, चावल और फलों की बढ़ती कीमतों से लोग परेशान

# सब्जियां नरम, खाद्य सामग्री और फलों के दाम हुए तेज



दुकान पर लगीं सब्जियां। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** इन दिनों बाजार का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रही महंगाई की मार ने आम आदमी की जेब पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। एक तरफ जहां कई हरी सब्जियों के दामों में गिरावट आई है, दूसरी ओर खाद्य सामग्री और फलों की कीमतों में तेजी ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सब्जी मंडी में कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन दाल, चावल और फलों की बढ़ती कीमतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सब्जियों की बात करें तो हरी मिर्च, कद्दू, लौकी, कटहल, शिमला मिर्च और तोरई जैसी सब्जियां सस्ती हुई हैं। टमाटर के दामों में अचानक उछाल ने फिर से जेब पर बोझ बढ़ा दिया है। वहीं हरी धनिया के दाम स्थिर बने हुए हैं और पालक में हल्की गिरावट देखने को मिली है। दूसरी ओर फलों की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है। सेब, केला, अंगूर, कीवी, आम, पपीता, अनानास, अनार और नारियल पानी तक महंगे हो गए हैं। खासतौर पर कीवी, ड्रैगन फ्रूट और खजूर जैसे फलों में ज्यादा बढ़ोतरी देखी जा रही है।

बाजार के जानकारों के अनुसार कई फल और खजूर विदेशों से आयात होकर आते हैं। ऐसे में ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के चलते आयात प्रभावित हुआ है, जिससे आवक कम हो गई है और कीमतों में तेजी देखी जा रही है। खाद्य सामग्री में भी दालों और अन्य जरूरी सामान के दाम बढ़े हैं। नारियल गोला, जीरा, उड़द, अरहर व मटर की कीमतें बढ़ी हैं। चावल और आटे की थोक दरों में भी इजाफा दर्ज किया गया है।

| खाद्यसामग्री | पहले | अब |
|---|---|---|
| गोला | 350 | 410 रुपये किलो |
| जीरा | 280 | 320 रुपये किलो |
| हरी उड़द | 155 | 165 रुपये किलो |
| अरहर दाल | 111 | 116 रुपये किलो |
| मटर | 44 | 50 रुपये किलो |
| चावल 30कि. | 1250 | 1320 रुपये |

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| हरी मिर्च | 120 | 50 रुपये किलो |
| कद्दू | 40 | 20 रुपये किलो |
| लौकी | 50 | 20 रुपये किलो |
| कटहल | 80 | 50 रुपये किलो |
| शिमला मिर्च | 120 | 60 रुपये किलो |
| पालक | 50 | 40 रुपये किलो |
| हरा धनिया | 40 | 40 रुपये (स्थिर) |
| तोरई | 80 | 50 रुपये किलो |
| टमाटर | 30 | 10 रुपये किलो |

| फल | पहले | अब |
|---|---|---|
| सेब | 140 | 180 रुपये किलो |
| केला | 40 | 50 रुपये दर्जन |
| अंगूर | 120 | 150 रुपये किलो |
| कीवी | 100 में 7 | 100 में 4 पीस |
| आम | 120 | 160 रुपये किलो |
| पपीता | 40 | 50 रुपये किलो |
| अनानास | 100 | 140 रुपये किलो |
| अनार | 120 | 160 रुपये किलो |
| नारियल पानी | 55-60 | 70-80रु. पीस |
| खजूर | 280 | 320 रुपये किलो |
| ड्रैगन फ्रूट | 80 | 110 रुपये पीस |

### किशोर का अपहरण करने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के बख्शीशपुर मजरा रहीमनगर निवासी रामपाल ने बताया कि 17 मार्च की रात जब वह सो रहा था तब उनके पुत्र कपिल कुमार को सुधा देवी अपनी सास गुड्डी देवी, राम भरोसे, पंकज, कौशल, राम अवतार, रंजीत और सीमा देवी की मदद से कहीं ले गए, उसे सुबह जानकारी हुई तो उसने खोजबीन की। आरोप है कि आरोपी पुत्र के साथ उनकी पत्नी का डेढ़ लाख रुपया और जेवर भी ले गए हैं। उन्होंने 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

### किशोरी लापता

**गोला गोकर्णनाथ।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 10 अप्रैल को 14 वर्षीय बेटी बकरी चराने गई थी, देर तक नहीं लौटी तो तलाश करने के बाद भी कोई नहीं चला है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# मछली पकड़ते समय ग्रामीण की डूबकर मौत

संवाददाता, पलियाकलां

- **थाना पढ़ुआ क्षेत्र के ग्राम मझरा पूरब निवासी थे रामबहादुर**



मृतक रामबहादुर।

**अमृत विचारः** ग्राम मुजहा में सोमवार सुबह मछली पकड़ने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

थाना पढ़ुआ क्षेत्र के ग्राम मझरा पूरब निवासी 55 वर्षीय रामबहादुर कुछ दिनों से मुजहा गांव में रह रहे थे। सोमवार सुबह वह साथियों के साथ गांव के तालाब में मछली पकड़ने गए थे। इस दौरान अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। बताया जाता है कि काफी देर तक जब रामबहादुर साथियों को दिखाई नहीं दिए तो उनके साथ गए अवधेश, रोहित, रामलखन, व्यास और पवन ने उनकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पानी में उठते बुलबुले दिखाई दिए। जब वे उस स्थान पर पहुंचे तो देखा कि रामबहादुर का शव पानी में उतराया है। पत्नी कन्यावती सहित परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और शव देखकर बिलख पड़े।

ग्रामीणों के अनुसार रामबहादुर पिछले एक सप्ताह से लगातार उसी तालाब में मछली पकड़ने जा रहे थे, लेकिन सोमवार को यह हादसा हो गया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरूष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आये हैं...

## ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर झांकियां देख रोमांचित हुए दर्शक

- सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा ग्रुप की झांकियों का आरंभ मुख्य अतिथि ने किया
- तिरुपति बालाजी महाराज की लीला, अयोध्या का श्रीराम दरबार का दर्शन कराया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



ऐतिहासिक चैती मेला के मंच पर दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता व अन्य अतिथि।

**अमृत विचार :** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के 15वें दिन सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा ग्रुप उत्तराखण्ड के कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

रविवार शाम सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा ग्रुप की झांकियों का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद्र गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य सुनील कौशल महराज, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेन्द्र सिंह पुंडीर आदि ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक मंच पर उत्तराखंड के कपिल बाबरा ग्रुप के कलाकारों शानू जान, ललित जोशी, सौरभ लालजी, दिव्या नेगी, सुहानी चोधरी, दीक्षा जोशी ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना जय देव जय देव, कृपा करो कृपा करो कृपा करो से की।

कलाकारों ने भगवान तिरुपति बालाजी महाराज की लीला, अयोध्या का श्री राम दरबार का दर्शन कराया। अल्मोड़ा के अनिल तूफानी ने गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो रिकॉर्डिंग धुन पर तीन दीपकों को हाथों और सिर पर रखकर नृत्य करते हुए औलोकिक छटा बिखेरी, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उत्तराखंड रामनगर के नेकू, रिषभ भारद्वाज, द्वारा भगवान रामलला जी की झांकी दिखाई गई। उत्तराखंड की दिव्या टीम में दीक्षा, सानूजान, सौरभ महाकाल, नकुल चौरसिया, सुहानी ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आये हैं, हमको तो बस राम राज्य ही चाहिए, उत्तराखंड के बृजेश बाबरा टीम के रितिक शर्मा, शानू टीम ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया।

कलाकारों ने मेरे अहसासों की रौनक है दीवाली पर रिंग को घुमाते हुए उसके अंदर नृत्य कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। कपिल बाबरा द्वारा भगवान शिव और बृजेश बाबरा द्वारा मां गंगा की सुंदर झांकी दिखाई गई। मानो तो मै गंगा मां हूं न मानों तो बहता पानी भजन पर नृत्य करते हुए हाथ से जब गंगाजल की बौछार छोड़ी, जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, रमेश वर्मा, नामित सभासद एसपी चौहान, कैलाश गुप्ता, राजेश जोशी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**चैती मेला में आज:** ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 14 अप्रैल मंगलवार को जवाबी कव्वाली टीना परवीन व तस्लीम आरिफ द्वारा सायं सात बजे से।



मयूर नृत्य करते उत्तराखंड के कलाकार। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक मंच पर नरसिंह भगवान की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।



गेहूं के ढेर में लगी आग बुझाते लोग।

## थ्रेसर से लगी आग में 10 क्विंटल गेहूं जलकर राख

**केशवापुर, अमृत विचार:** सदर तहसील के सेमरई गांव में सोमवार दोपहर करीब 4:50 बजे राघव सिंह व धरमू सिंह (दोनों भाई) पुत्र भूपसिंह के खेत में गेहूं गहाई करते समय थ्रेसर से अचानक आग लग गई,जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

गेहूं के करीब 100 बोझों का स्टाक पूरी तरह जलकर राख हो गया, किसान व मजदूरों ने भागकर जान बचाई, ट्रैक्टर चालक ने हिम्मत जुटाकर ट्रैक्टर को आग से दूर हटाया। इस घटना से किसान राघव सिंह का करीब 10 क्विंटल गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाया और आग को फैलने से रोंका लिया। जिससे और खेतों में आग लगने से बच गईं।

## पत्रकारों के सम्मान से नहीं कोई समझौता

संवाददाता, फूलबहेड़

**अमृत विचार:** फूलबेहड़ ब्लॉक सभागार में सोमवार को ऐप्जा संगठन की एक बैठक हुई, जिसमें पत्रकारों की एकता, सम्मान और अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। बैठक का नेतृत्व ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष सिरताज अली, अमित तिवारी, मोहम्मद रिजवान, सलमान खान पंकज शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

अनुराग सारथी ने कहा कि ऐप्जा से जुड़े किसी भी पत्रकार के साथ अभद्रता, उत्पीड़न या अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अमित शुक्ला, जसवंत कुमार, मोहम्मद आलम, अनिल कुमार, नंदेश कुमार, संतोष तिवारी, मुशीर अहमद आदि रहे।

## आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सामाजिक समरसता दिवस मनाया

- आंबेडकर पार्क में स्वच्छता और दीप प्रज्ज्वलन किया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



शहर के अंबेडकर पार्क में दीप जलाते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को शहर के आंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और शाम को दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें महान राष्ट्र निर्माता बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के आधार पर ही आज देश की प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है।सर्वन गुप्ता ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का मार्ग दिखाया, जिसे अपनाकर ही देश निरंतर प्रगति कर सकता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कुलभूषण सिंह, देवदत्त चड्ढा, गंगाराम राजपूत, किरण अग्रवाल, कुमुदेश शंकर शुक्ला, संजय मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, नकहा ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता अशोक अवस्थी, सुरेंद्र मौर्य, रश्मि गुप्ता, रमेश चंद्र मिश्रा , पन्नालाल अग्रवाल, उमेश शुक्ला, अशोक दल, सुनील बाथम, पारुल गुप्ता, अश्वनी अवस्थी, भूपेश कुमार मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दीप जलाकर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



नगर में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### आरएसएस ने पथ संचलन से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

- नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

**पलिया कलां ,अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन निकालकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शुरू हुए इस संचलन में पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक अनुशासन के साथ कदमताल करते नजर आए। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह ने भारत माता, डॉ. हेडगेवार, डॉ. गोलवलकर और डॉ. अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद ध्वज प्रणाम और बौद्धिक व्याख्यान हुआ। पथ संचलन स्टेशन रोड, पुलिस चौकी चौराहा, माल गोदाम रोड, नगर पालिका रोड, श्रीकुल सेवा आश्रम, पीपल चौराहा और चमन चौराहा होते हुए पुराना बस अड्डा पहुंचकर पुनः विद्यालय में समाप्त हुआ। कार्यक्रम में संघ के विभिन्न पदाधिकारी, आचार्य, छात्र और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## अयोध्या में चमकी खंभारखेड़ा की खुशी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** खंभारखेड़ा क्षेत्र की बेटी खुशी मित्तल ने अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय नेशनल योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देशभर से आए करीब 700 प्रतिभागियों के बीच उन्होंने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए दो पदक जीते।



योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी मित्तल ने ट्रेडिशनल योगासन श्रेणी में रजत पदक और आर्टिस्टिक सोलो श्रेणी में कांस्य पदक हासिल कर सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन खुशी ने आत्मविश्वास और बेहतरीन प्रस्तुति के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया। खुशी मित्तल लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि क्षेत्र में खुशी है। उनके पिता बजाज एनर्जी, नोएडा में कार्यरत हैं और शुरू से ही बेटी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और अपनी कोच राखी सरकार के मार्गदर्शन को दिया।

## 101 दीप जलाए, डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, सिंगाही



अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते विधायक व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत नौरंगाबाद स्थित आंबेडकर पार्क में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने भगवान बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

विधायक ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर पार्क परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही 101 दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पढ़ुआ क्षेत्र में भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। विधायक ने नौरंगाबाद स्थित अम्बेडकर पार्क में इंटरलॉकिंग सड़क और प्रकाश व्यवस्था (लाइट) लगवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सुदीप कुमार निगम, रामकुमार वर्मा, दीपक गुप्ता, ग्राम प्रधान युजवेंद्र अवस्थी नेकू, ध्रुव वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति की साफ सफाई की

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर ग्राम पंचायत सुमेरनगर नगर कॉलोनी, शांति नगर घोला , गजरौरा, ऐंठपुर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति की साफ-सफाई कर स्वच्छता कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मोहित गुप्ता, मंजीत कौर, संजय गुप्ता, महबूब खान, अमरजीत सिंह, दिनेश पासवान, जोगेंद्र भारती, सदानन्द ,श्याम लाल, रामकेवल, फिरोज खान आदि शामिल रहे।

## स्व. मोहसिना किदवई को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मोहसिना किदवई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहसिना किदवई के निधन 8 अप्रैल को हो गया था। उनके निधन पर सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी मोहन चंद्र उप्रेती ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मोहसिना किदवई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि मोहसिना किदवई के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। किदवई का लखीमपुर खीरी से विशेष लगाव रहा और वे हमेशा संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहीं। पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल अहमद खान ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए मोहसिना किदवई ने अपने निजी संसाधनों तक का त्याग किया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव सहाय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भी मोहसिना किदवई की देन है, जिसे उन्होंने अपने संसाधनों से खरीदकर पार्टी को समर्पित किया था। शोकसभा में जिला उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, जिला महासचिव अब्दुल रहीम, वरुण चौधरी, सलीम अहमद, सरोजिनी अवस्थी, जावेद अली, चंद्रप्रभा अवस्थी, मनीषा, शक्ति शरण गौतम, आफताब अंसारी, हरगोविंद वर्मा, रामपाल शाक्य, राजेंद्र गुप्ता, लतीफ आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### मोहसिना किदवई के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

गोला गोकर्णनाथ। नगर के भारत भूषण कॉलोनी में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में हुई शोक सभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता स्व. मोहसिना किदवई की आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित किए गए और 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस दौरान रामकुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, प्रेम कुमार वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, सतीश चंद्र मिश्रा, करनजीत सिंह, दौलत राम लोधी, पंकज पटेल, हिमांशु, करण सिंह, सगीर अहमद, नन्हें श्रीवास्तव, योगेंद्र विक्रम सिंह आदि तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने डीएम को लिखा पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कस्बा मझोला के रहने वाले व्यापार मंडल युवा विंग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने बीते दिनों दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की थी। इस दौरान सौंपे गए पत्र में गेहूं खरीद को लेकर अमरिया तहसील क्षेत्र में महज दो क्रय केंद्र होने को नाकाफी बताते हुए इसे बढ़ाने का आग्रह किया था। उनकी मांग का संज्ञान लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। जिसमें इस बिंदु पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव छितोनिया निवासी लाला राम ने बताया कि 28 मार्च की शाम 7 :00 बजे उनका पुत्र शिवम गांव के ही सौरभ वर्मा की बाइक पर पीछे बैठकर गांव से गोला जा रहा था। तभी खुटार गोला नवीन बाईपास पर एक गेस्ट हाउस के सामने लापरवाही से ट्रक चला रहे चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उनके बेटे शिवम की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अमकोटवा गांव निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि रविवार को वह घर पर नहीं था। तभी थाना फूलबेहड क्षेत्र के बिलिहान गांव निवासी कमला देवी, शोभित पुत्र राम प्रकाश और अमकोटवा गांव निवासी सुरेश की पत्नी ने उसके घर उसकी बेटी नमिता देवी, पत्नी गीता देवी से किसी बात को लेकर गाली-गलौज कर लाठी डंडों से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भट्पुरवा कॉलोनी निवासी श्रीपाल ने बताया कि शाम 6 :30 बजे उनके दामाद निवासी कानपुर के मोहल्ला कल्याणपुर जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार अपनी सास किरण देवी को बाइक पर बैठाकर अलीगंज दवा लेने जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनके दामाद और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# शासन ने शुरू की 25 गिद्धों की मौत की जांच

## मुख्य वन संरक्षक लखनऊ ने जुटाए साक्ष्य, कीटनाशकों की बिक्री पर सख्ती के दिए निर्देश

- मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार पाठक, डीएफओ खीरी कीर्ति चौधरी के साथ सेमरिया गांव पहुंचे

संवाददाता, बिजुआ



घटना स्थल पर डीएफओ को दिशा-निर्देश देते मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भीरा वन रेंज के सेमरिया गांव में 25 गिद्धों की संदिग्ध मौत के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने जांच के आदेश दिए है, जिसके बाद सोमवार को लखनऊ से मुख्य वन संरक्षक (टाइगर प्रोजेक्ट) मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। उन्होंने ग्रामीणों और वन अधिकारियों से भी घटना के बारे में जानकारी ली।

मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार पाठक, डीएफओ खीरी कीर्ति चौधरी के साथ सेमरिया गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मृत गिद्धों के मिलने वाले स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके की परिस्थितियों को समझने के साथ ही स्थानीय वन कर्मियों और ग्रामीणों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के बाद उन्होंने इस घटना को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि गिद्धों की सामूहिक मौत पर्यावरण संतुलन के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने बताया कि गिद्धों की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम और बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। प्राथमिक जांच में वन विभाग ने आशंका जताई है कि खेतों में कीटनाशक युक्त मरे हुए पशुओं को खाने से गिद्धों की मौत हुई हो सकती है। अक्सर किसान फसलों को बचाने के लिए जहरीले रसायनों का उपयोग करते हैं, जिससे यदि कोई पशु मर जाता है और उसे खुले में छोड़ दिया जाता है, तो उसे खाने वाले गिद्ध जहर की चपेट में आ सकते हैं। इसकी संभावना को ध्यान में रखते हुए मुख्य वन संरक्षक ने जिले में कीटनाशकों और उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी विक्रेताओं को हर खरीदार से निर्धारित प्रपत्र भरना अनिवार्य किया जाए, जिससे दवा के उपयोग का उद्देश्य दर्ज हो। बिना प्रपत्र के किसी को भी कीटनाशक न दिया जाए, ताकि इसके दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके।

### बिसरा रिपोर्ट का इंतजार

वन विभाग ने घटना के बाद मृत गिद्धों का पोस्टमार्टम कराया था। पशु चिकित्सकों के पैनल ने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए आईवीआरआई, बरेली भेजा है। इसके अलावा कुछ अन्य नमूने भी परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। अभी तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, जिसका विभाग को इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गांवों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

मुख्य वन संरक्षक ने इस घटना को एक चेतावनी मानते हुए आसपास के गांवों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे मरे हुए पशुओं को खुले में न छोड़ें, बल्कि उनका सुरक्षित निस्तारण करें। साथ ही किसी भी पशु या पक्षी की संदिग्ध मौत की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। वन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करें। गिद्धों को प्रकृति का सफाईकर्मी माना जाता है, जो मृत पशुओं को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं और बीमारियों के फैलाव को रोकते हैं। ऐसे में उनकी संख्या में कमी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी बनेगा विकसित भारत



प्रेसवार्ता में विचार रखतीं डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. पूनम कटियार।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत हुई प्रेसवार्ता में रखे विचार

**अमृत विचारः** भाजपा की ओर से शुरू किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत सोमवार को रामायण बिहार कॉलोनी में एक प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने विचार रखे।

डॉ. ऋचा वार्ष्णेय ने कहा कि अगर महिला आत्मनिर्भर बनेंगी तब आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जीवन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते एक महिला ग्राम प्रधान से भेंट का जिक्र करते हुए बताया कि तब एक महिला प्रधान ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में काम करने का आग्रह किया था और आज ये सभी योजनाएं और बिल उसी घटना का प्रतिबिंब है।

डॉ. पूनम कटियार ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद अदा किया। कहा कि महिलाओं की राजनैतिक क्षेत्र में 33 फीसदी सहभागिता से महिलाओं का सम्मान बढ़ेगा।

डॉ. रश्मि चौधरी ने कहा कि भारत की बेटियों को जहां अवसर मिला वहां पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। चाहे वो अपने घर का विकास हो या फिर देश का। अब भारत की बेटियां प्लेन भी उड़ाती हैं और ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मिशन में भारत का प्रतिनिधित्व भी करती हैं।

# विधायक ने विद्यालय भवन का किया उद्घाटन

- वार्षिकोत्सव के अवसर पर मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



मेधावी छात्र को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कुंभी ब्लॉक के रोशननगर प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने विद्यालय के नवीन भवन का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इसके बाद विधायक ने फीता काटकर विद्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया। वार्षिकोत्सव के दौरान मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक अमन गिरि ने कहा कि बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। उन्हें अच्छी शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला होती है और यदि बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा तो वे आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने पूर्व की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले प्राथमिक विद्यालयों की हालत जर्जर हुआ करती थी। छत टपकती थी और भवनों की स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार के प्रयासों से विद्यालयों की दशा और दिशा में व्यापक सुधार हुआ है, जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम, विनोद गौतम, विजय वर्मा, अरुण वर्मा, अनिरुद्ध मिश्र, ग्राम प्रधान मोहम्मद इलियास, पूर्व प्रधान रामपाल, प्रधान अशोक गुप्ता, अभिराज सिंह, नरेंद्र वर्मा, राम रक्षपाल, सुखवंत बतेशा सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान बस प्रदर्शनी ने छात्रों में जगाई जिज्ञासा

- आधुनिक उपकरणों व प्रयोगों ने किया आकर्षित, प्रदर्शनी में 480 छात्रों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



विज्ञान बस में थ्री डी प्रिंटर और लैपटॉप से बच्चों को जानकारी देते शुभाषीश पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कपूरथला स्थित सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा विज्ञान बस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डीएम के निर्देशन एवं जिला विज्ञान क्लब के संयोजक सुनील मिश्रा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के बीच उत्साह और जिज्ञासा का विशेष माहौल बना दिया।

विज्ञान बस में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्रों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। बस में थ्री डी प्रिंटर, माइक्रोस्कोप, टेलीस्कोप, पेरिस्कोप और केमिकल बॉन्डिंग मॉडल जैसे उपकरण प्रमुख आकर्षण रहे। इन माध्यमों से विज्ञान के सिद्धांतों को सरल और रोचक ढंग से समझाया गया। साथ ही छात्रों को विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग भी कराए गए, जिससे उनकी रुचि और बढ़ी।

प्रदर्शनी में लगभग 480 छात्रों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक गतिविधियों में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने उपकरणों को नजदीक से देखा और कई नई जानकारियां प्राप्त कीं। विज्ञान बस के स्टाफ ने प्रत्येक उपकरण के उपयोग और उसके वैज्ञानिक महत्व की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान विज्ञान शिक्षक बृजेश कुमार और रिंकू ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक विशाल सेठ, प्रबंध संचालिका लेखनी सेठ एवं प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक रहने और ऐसे आयोजनों से अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विज्ञान बस के हेड शुभाषीश पांडेय, बस चालक देवेंद्र मिश्रा और सहायक अश्वनी कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के शिक्षक मनीष सक्सेना, अरविन्द पांडेय, विवेक सक्सेना, एसके मिश्रा, अभिषेक वर्मा सहित विज्ञान विषय के अन्य अध्यापकों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# खाटू श्याम भजन संध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

- देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु भजनों से गूंजा पूरा कस्बा

संवाददाता, मैलानी



मैलानी में खाटू श्याम के भजन सुनने के लिए मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मैलानी कस्बे में नगर पंचायत द्वारा आयोजित रामलीला मेले के अंतर्गत खाटू श्याम भजन संध्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भजनों की मधुर धुनों पर भक्त ऐसे झूमे कि देर रात तक पूरा माहौल भक्ति रस में डूबा रहा।

कार्यक्रम का आयोजन खाटू श्याम के अनन्य भक्त एवं श्याम परिवार समिति के संयोजक रामचंद्र अग्रवाल तथा बालाजी धाम खुटार से पधारे महंत नंदन जी महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। भजन संध्या में खुटार से आए गायक गौरव गुप्ता, भीरा के अंकुल यादव और मैलानी के श्याम परिवार समिति के गोपाल सिंघल, राजेश दीक्षित, अरविंद गोयल व रोहितास गोयल ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे भजनों की गूंज से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भजनों की मस्ती में झूमते रहे और बाबा खाटू श्याम के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद लोधी, मंडल प्रभारी विकास गुप्ता और भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पंकज गिरी सहित श्याम परिवार समिति के सदस्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मीरा गोयल, सीमा मित्तल, चारू बंसल, संगीता अग्रवाल, मीना शर्मा, करणवीर वालिया, अशोक वर्मा, राजेश बंसल, मनीष मित्तल, अंकित गोयल, राजीव अग्रवाल समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ग्राम सफौरा स्थित जीडीएस के इंटर कॉलेज के 25 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत कराई। बच्चों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कव्वाली, चुटकुले और सामूहिक नृत्य को सराहा गया। पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चीनी मिल के उपाध्यक्ष नरेश चंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आयुष मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, हजारीलाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शिव स्वरूप गंगवार, शरद पाल सिंह आदि मौजूद रहे। प्रबंधक सुरेंद्र पाल ने पूर्व में अध्यनरत रहे विद्यार्थियों को सरकारी सेवा में जाने पर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# बरखेरियाजाट में खिले केतकी के 5 फूल

- आधा किलोमीटर क्षेत्र में फैल रही सुगंध

संवाददाता, पसगवां



बागवानी में दुर्लभ केतकी का पुष्प दिखाते चंद्रपाल सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कुछ दिन पहले मोहम्मदी क्षेत्र के गांव मियांपुर (अब रविंद्र नगर) में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में केतकी के फूल खिलने का जिक्र करते हुए इसे विशिष्ट पहचान दिलाने का आश्वासन दिया था। अब वही दुर्लभ केतकी के फूल पसगवां क्षेत्र के ग्राम बरखेरियाजाट में खिले हैं। इस बार यहां एक नहीं, बल्कि पांच फूल एक साथ खिले हैं, जिससे क्षेत्र में खास उत्साह है। मुख्यमंत्री ने इसके संरक्षण के लिए विशेष बजट देने की भी बात कही थी।

जंगबहादुरगंज के पास स्थित गांव बरखेरियाजाट के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रपाल सिंह को बागवानी का विशेष शौक है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले उनके बगीचे में केतकी के दो पौधे स्वतः उग आए थे।

पिछले छह वर्षों से इनमें मार्च से मई के बीच फूल आते हैं। इस वर्ष इन पौधों पर पांच फूल खिले हैं, जिनकी सुगंध लगभग आधा किलोमीटर तक फैल जाती है। केतकी एक झाड़ीदार पौधा होता है, जिसकी पत्तियां लंबी, नुकीली, चपटी और चिकनी होती हैं। पत्तियों के किनारों और पीछे की ओर छोटे-छोटे कांटे भी होते हैं। हिंदू धर्म में केतकी के फूल को पवित्र माना जाता है और इसे देवी सरस्वती व माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा इसमें औषधीय गुण भी पाए जाते हैं, जिसके कारण इसका उपयोग औषधि निर्माण में भी किया जाता है।

# श्रवण बने अध्यक्ष और शिवप्रकाश शाखा मंत्री



निर्विरोध निर्वाचित किए गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ शाखा पीलीभीत का वार्षिक चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। बरेली से पहुंचे चुनाव अधिकारी राम कुमार उपाध्याय और रविंद्र कुमार पांडे की मौजूदगी में प्रक्रिया संपन्न हुई। श्रवण कुमार को निर्विरोध शाखा अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी तरह से शिव प्रकाश को शाखा मंत्री घोषित किया गया। कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंत्री को बधाई दी एवं फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया। आदित्य शर्मा, बृजेश गिरि को शाखा उपाध्यक्ष, मनीषा मौर्य को संयुक्त मंत्री, योगेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, सुषमा गंगवार को प्रचार मंत्री, हेमंत सक्सेना, चंचल सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# नारी शक्ति वंदन व सशक्तिकरण की ली शपथ

- छात्र-छात्राओं को विधिक अधिकारों और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



महाविद्यालय में विद्यार्थियों को शपथ दिलाते प्राचार्य एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में सोमवार को नारी शक्ति वंदन एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने छात्र-छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, विधिक अधिकारों की जानकारी, साइबर अपराधों से बचाव और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मविश्वासी व सक्षम बनाना है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं के लिए अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों को समझना और शिक्षा के माध्यम से खुद को सशक्त बनाना समय की मांग है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. विकास चौरसिया सहित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहभागिता की और विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# वारंटी ने दरोगा-सिपाही को किया घायल

**शाहजहांपुर/मदनापुर, अमृत विचारः** मदनापुर थाना के उप निरीक्षक मोहित कुमार, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, बालेश्वर, महिला सिपाही प्रीति शर्मा, मीनू, वीरेंद्र कुमार आदि पुलिस कर्मचारी शनिवार शाम गांव पंखा खेड़ा पहुंचे। यहां के राजिश के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वारंटी राजिश दरवाजे पर मिला। पुलिस टीम ने कारण बताते हुए गिरफ्तारी का प्रयास किया। वारंटी चिल्लाया और गाली देते हुए कहा कि घर पर आने की हिम्मत कैसे हुई अब पुलिस कर्मचारियों को जान से मरना होगा। यह कहकर वारंटी साजिश खां ने धारदार हथियार से उप निरीक्षक मोहित कुमार को घायल कर दिया। वारंटी की पत्नी व इकबाल की पत्नी पुलिस पर हमलावर हो गए। उप निरीक्षक और सिपाही बालेश्वर घायल हो गए।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए हिंदू महासभा के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत,



जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा का कार्यक्रम में किया स्वागत।

**अमृत विचारः** अखिल भारत हिन्दू महासभा का 112वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय अधिवेशन कनखल (हरिद्वार) की एक धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संत महात्मा, विभिन्न अखाड़ों से महा महामंडलेश्वर भी शामिल हुए। अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में पीलीभीत से भी जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा की अगुवाई में पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे।

प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा को भगवा पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिले से जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. प्रेम सागर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शलभ गंगवार, कमल कश्यप युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री, चेतन श्रीवास्तव, सुनील कश्यप, सुनील कुमार, गंगा प्रसाद, बबीता सक्सेना, बिंदु सिंह, कविता वंशवाल, गीता मिश्रा आदि रहे।

